नवोदय विद्यालय समिति

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीनस्थ एक स्वायत्त संस्थान

स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग, भारत सरकार

जवाहर नवोदय विद्यालयों में सत्र 2024-25 में रिक्त स्थानों के सापेक्ष कक्षा IX व कक्षा XI में प्रवेश हेतु अधिसूचना

जवाहर नवोदय विद्यालयों में सत्र 2024-25 में पार्श्व प्रवेश परीक्षा के माध्यम से कक्षा IX व कक्षा XI में रिक्त स्थानों के सापेक्ष प्रवेश हेतु पात्र अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

आवेदन करने की अंतिम तिथि : 31.10.2023 | **चयन परीक्षा की तिथि: 10.02.2024**



सामान्य विशेषताएं

- कक्षा VI से कक्षा XII तक सह-शैक्षिक तथा पूर्ण आवासीय विद्यालय। सीबीएसई से सम्बद्ध।
- मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों को अच्छी गुणवत्तायुक्त आधुनिक शिक्षा।
- बालक एवं बालिकाओं हेतु अलग-अलग छात्रावास। स्थान-आमतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में।
- नि:शुल्क शिक्षा जिसमें भोजन और आवास, ड्रेस, पाठ्य पुस्तकें तथा स्टेशनरी इत्यादि शामिल है।
- सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास हेतु सह-पाठयचर्या सम्बन्धी गतिविधियों, खेलकूद, एनसीसी, एनएसएस, योगा आदि पर ध्यानाकर्षण।

विशिष्ट विशेषताएं

- JEE MAIN-2023 : 11,458 छात्रों में से 4726 (41.25 %) विद्यार्थी उत्तीर्ण ।
  JEE Advanced-2023: 1228 (32.35%) विद्यार्थी उत्तीर्ण।
- NEET-2023: 17809 (76.24%) विद्यार्थी उत्तीर्ण।
- बोर्ड कक्षा-X तथा XII (2022-23) के उत्कृष्ट परिणाम
  कक्षा-X : 99.14% कक्षा-XII : 97.51%
- यूपीएससी परीक्षा के माध्यम से प्रति वर्ष 25 के आसपास एनवीएस के पूर्व छात्रों का चयन।

कक्षा -XI

पात्रता

- उम्मीदवार शैक्षणिक सत्र 2023-24 (अप्रैल 2023 से मार्च 2024 सत्र) /2023 (जनवरी से दिसम्बर 2023 सत्र) में उसी जिले में सरकारी / सरकारी मान्यताप्राप्त स्कूल में कक्षा-X में अध्ययनरत रहा हो जहां जवाहर नवोदय विद्यालय संचालित हो रहा है।
- दिनांक 01.06.2007 से 31.07.2009 (दोनों तारीखें शामिल) के बीच जन्म हुआ हो।

चयन परीक्षा

- बौद्धिक क्षमता, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान।
- ओएमआर आधारित आब्जेक्टिव टाइप
- द्विभाषीय प्रश्न-पत्र (हिन्दी तथा अंग्रेजी)
- **पाठयक्रम तथा चयन मानदंड** के लिए कृपया एनवीएस अधिसूचना का संदर्भ ग्रहण करें।
- यदि दसवीं कक्षा की पढ़ाई और निवास का जिला समान है तो अभ्यर्थी पर जिला स्तरीय मेरिट हेतु विचार किया जायेगा।

कक्षा -IX

पात्रता

- केवल वे उम्मीदवार जो जिले के प्रामाणिक निवासी हैं और शैक्षणिक सत्र 2023-24 में उसी जिले में सरकारी / सरकारी मान्यताप्राप्त स्कूल में कक्षा-VIII में पढ़ रहे हैं जहां जनवि संचालित हो रहा है और जिसमें वे प्रवेश पाना चाहते हैं, पात्र हैं।
- उम्मीदवार की जन्म तिथि 01.05.2009 से 31.07.2011 (दोनों तारीखें शामिल) के बीच की होनी चाहिए। यह एससी/एसटी/ओबीसी श्रेणियों सहित सभी श्रेणियों के उम्मीदवारों पर लागू है।

चयन परीक्षा

- हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, एवं विज्ञान।
- ओएमआर आधारित आब्जेक्टिव टाइप
- द्विभाषीय प्रश्न-पत्र (हिन्दी तथा अंग्रेजी)
- **पाठयक्रम तथा चयन मानदंड** के लिए कृपया एनवीएस अधिसूचना का संदर्भ ग्रहण करें।

अधिक जानकारी हेतु कृपया एनवीएस वेबसाइट www.navodaya.gov.in पर विजिट करें ।

नवोदय विद्यालय समिति द्वारा जारी